# प्रबंधन उत्सव सिम्फनी में प्रतिभागी हुए सम्मानित

पटना, मुख्य संवाददाता। चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान (सीआईएमपी) की ओर से दो दिवसीय प्रबंधन उत्सव सिम्फनी 2024 का समापन रविवार को हो गया। विभिन्न प्रबंधन संस्थान, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज और देश के प्रसिद्ध संस्थानों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

अंतिम दिन पाटलिपुत्र फाइनेंस बुलेवार्ड (फाइनेंस इवेंट), बिज क्विज (बिजनेस क्विज) और इनोवेशन नेक्स्ट (एंटरप्रेन्योरशिप इवेंट) जैसे प्रबंधन कार्यक्रमों में कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। बिहार के विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह ने कहा कि यह आयोजन युवाओं के मन में शिक्षा और खेल के बारे में उत्साह पैदा करती है। इसके साथ ही कैंपस संस्कृति को बढ़ाने और कॉलेज की जीवंतता को बढ़ाने के इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करना आवश्यक है। सीआईएमपी के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) राणा सिंह ने निष्पक्ष



- सीआईएमपी में दो दिवसीय उत्सव का हुआ समापन
- प्रत्येक प्रबंधन कार्यक्रम के शीर्ष तीन प्रतिभागी सम्मानित

प्रतिभागी को सम्मानित करते विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह। मौजूद डॉ राणा सिंह, कुमुद कुमार व अन्य।

प्रतिस्पर्धा के महत्व पर जोर देते हुए विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इनोवेशन नेक्स्ट और ब्रांड प्रिक्स जैसे आयोजनों ने युवाओं में रचनात्मकता और नवीनता की संस्कृति को बढ़ावा दिया है।

समापन सत्र के दौरान, प्रत्येक प्रबंधन कार्यक्रम के शीर्ष तीन प्रतिभागियों और टीमों को कुल 50 हजार, 30 हजार और 20 हजार नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग और कैंपस फोटोग्राफी प्रतियोगिता के शीर्ष तीन प्रतिभागियों को 15 हजार, 10 हजार और 5,000 पुरस्कार राशि प्रदान की गयी।

Hindustan ! Page No - 06 ! Date - 29-01-2024 !

# सीआईएमपी में आयोजित प्रबंधन उत्सव सिम्फनी 2024 का हुआ समापन

( आज समाचार सेवा )

**पटना।** चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान (सीआईएमपी) ने 28 जनवरी को अपने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के प्रबंधन उत्सव सिम्फनी 2024 का सफलतापूर्वक समापन किया। दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रबंधन संस्थानों, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों, और देश भर में प्रसिद्ध संस्थानों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंतिम दिन पाटलिपुत्र फाइनेंस बुलेवार्ड (फाइनेंस इवेंट), बिज़ क्विज़ (बिजनेस क्विज़), और इनोवेशन नेक्स्ट (एंटरप्रेन्योरशिप इवेंट) जैसे प्रबंधन कार्यक्रमों में कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई। इनोवेशन नेक्स्ट के प्रतिभागियों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), दिल्ली के प्रो. सुधीर के. जैन सहित सम्मानित पैनलिस्टों के साथ, जैसे आईआईटी पटना से प्रो. जवार सिंह; और मनीष कुमार, प्रविष्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और सीईओ, के साथ एक प्रश्न और उत्तर सत्र में भाग लेते हुए अपने पिच डेक प्रस्तुत किए। पाटलिपुत्र फाइनेंस बुलेवार्ड के निर्णायक भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) मुंबई के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विपुल कुमार सिंह और ट्रेडलॉजिक सिस्टम्स के क्वांट और एल्गो ट्रेडर डॉ. अनूप राज थे। बिज़ क्विज के क्विज मास्टर दीपक तनेजा जी थे।



प्रबंधन कार्यक्रमों के अलावा, कैंपस फोटोग्राफी प्रतियोगिता के फाइनलिस्टों ने 'खामोशी' थीम पर आधारित कैंपस के अंदर क्षणों को कैद किया। इस कार्यक्रम में सीआईएमपी-बीआईआईएफ के स्टार्टअप और इनक्यूबेटीज़ द्वारा स्टालों की एक श्रृंखला पेश की गई, जो अतिथियों , मेहमानों और प्रतिभागियों को कपड़े और खाद्य उत्पादों की खोज और खरीदारी के अवसर प्रदान करती है। समापन सत्र के दौरान, प्रत्येक प्रबंधन कार्यक्रम के शीर्ष तीन प्रतिभागियों/टीमों को कुल 50,000 रुपये, 30,000 रुपये और 20,000 रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग और कैंपस फोटोग्राफी प्रतियोगिता के शीर्ष तीन प्रतिभागियों को क्रमशः 15,000 रुपये, 10,000 रुपये और 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला। सीआईएमपी के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) राणा सिंह ने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के महत्व पर जोर देते हुए विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, 'इनोवेशन नेक्स्ट और ब्रांड प्रिक्स जैसे आयोजनों ने युवा दिमाग में रचनात्मकता और नवीनता की संस्कृति को बढ़ावा दिया है, जिससे छात्रों को विभिन्न चुनौतियों के लिए व्यवहार्य समाधान खोजने के लिए प्रेरणा मिली है। डॉ. अनुप राज ने आयोजन द्वारा प्रदान किए गए अवसरों पर प्रकाश डाला और कहा, 'यह आयोजन छात्रों को निवेश और व्यापार के व्यवसाय में होने वाले वास्तविक अभ्यास को सीखने, जानने और करने के बीच के अंतर को पाटने की अनुमति देता है। दीपक तनेजा ने बिज़ क्विज़ को प्रतिभागियों के ज्ञान यात्रा का एक रोमांचक अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'इस क्विज़ का आयोजन करना मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव था, विशेष रूप से यह देखते हुए कि कई प्रतिभागी पहली बार इस तरह के आयोजन में भाग ले रहे थे। यह उन सभी प्रतिभागियों के लिए एक गहन ज्ञान यात्रा के रूप में काम किया, जिन्होंने गहरी रुचि के साथ प्रत्येक दौर को पार किया और विजयी हुए।'

# नेशनल लेवल की प्रतियोगिता के लिए स्टूडेंट्स को फेस्ट में मिला मंच

**मैनेजमेंट फेस्ट सिम्फनी 2024 का भव्यता और सफलता के साथ समापन किया**

patna@inext.co.in

**PATNA (28 Jan):** क्लास रूम की लर्निंग और नेशनल लेवल के काम्पीटेटिव प्रोग्राम में बड़ा अंतर होता है. यह अंतर स्किल के लेवल पर, परफारमेंस के लेवल पर और खुद के ब्रांड इमेज को सुधारने व मेच्योर बनाने भी बड़ा मददगार होता है. ये बातें सीआईएमपी पटना के डायरेक्टर डॉ. राणा सिंह ने दो दिनों के नेशनल मैनेजमेंट फेस्ट 'सिम्फनी' के समापन के मौके पर कही. उन्होंने इस इवेंट को मैनेजमेंट स्टूडेंट्स के लिए बहुत उपयोगी बताया. कहा कि हमारा यह शुरू से ही प्रयास रहता है कि स्टूडेंट्स के लिए प्रतियोगिता केवल क्लास रूम तक सीमित नहीं रहे बल्कि यह राष्ट्रीय फलक तक होना चाहिए. तभी वे खुद को प्रोफेशनली डेवलप कर सकेंगे. सिर्फ यही नहीं, जब नई आइडिया के साथ स्टूडेंटस इनोवेशन करते हैं तो उनका परफारमेंस एक नई स्तर पर दिखाई देता है.



## कई कॉलेजों ने किया पार्टिसिपेट

सीआईएमपी पटना ने दो दिनों के सिम्फनी 2024 फेस्ट में आईआईटी, नई दिल्ली, आईआईटी पटना, निफ्ट, देश भर के कई मैनेजमेंट कॉलेज, इंस्टीट्यूट और अन्य संस्थानों के स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया. पार्टिसिपेट के रूप में न केवल उन्होंने यहां आए एक्सपर्ट को सुना बल्कि अपने स्टार्ट अप को नए-नए स्टॉल लगाकर भी अपनी प्रतिभा का डिस्प्ले किया. इस डिस्पले में उनके इवोवेटिव प्रोडक्ट और सर्विसेज को दिखाया गया. जिसे यहां आए गेस्ट ने देखा और उन्हें बेहतर करने के लिए अपनी एडवाइस भी दी गई. संडे को सिम्फनी फेस्ट के अंतिम दिन बिजनेस क्विज, एंटरप्रेन्योरशिप इवेंट जैसे मैनेजमेंट इवेंट में कड़ी प्रतिस्पर्द्धा की गई. प्रतियोगिता में मुख्य रूप से मार्केटिंग, एचआर और फाइनेंस से जुड़े टापिक पर चर्चा की गई.

## ये एक्सपर्ट रहे शामिल

फेस्ट में इनोवेशन नेक्स्ट के प्रतिभागियों ने आईआईटी, दिल्ली के प्रो. सुधीर के. जैन सहित सम्मानित पैनलिस्टों के साथ, जैसे आईआईटी पटना से प्रो. जवार सिंह; और मनीष कुमार के साथ-साथ एक प्रश्न और उत्तर सत्र में भाग लेते हुए अपने पिच डेक प्रस्तुत किए. आईआईएम मुंबई के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विपुल कुमार सिंह और ट्रेडलॉजिक सिस्टम्स के क्वांट और एल्गो ट्रेडर डॉ. अनूप राज इस मौके पर उपस्थित रहे. बिज क्विज के क्विज मास्टर दीपक तनेजा थे.

## एक्टिविटी इवेंट भी हुए

मैनेजमेंट प्रोग्राम के अलावा कैंपस फोटोग्राफी प्रतियोगिता के फाइनलिस्टों ने 'खामोशी' थीम पर आधारित कैंपस के अंदर क्षणों को कैद किया. इस कार्यक्रम में सीआईएमपी-बीआईआईएफ के स्टार्टअप और इनक्यूबेटीज की ओर से स्टालों की एक पूरी चेन डिस्पले की गई जो गेस्ट और प्रतिभागियों को कपड़े और खाद्य उत्पादों की खोज और खरीदारी के अवसर प्रदान करती है. समापन सत्र के दौरान, प्रत्येक प्रबंधन कार्यक्रम के शीर्ष तीन प्रतिभागियों/टीमों को कुल 50,000 रुपये, 30,000 रुपये और 20,000 रुपये के नकद पुरस्कार प्रदान किए गए. नुक्कड़- नाटक, पेंटिंग और कैंपस फोटोग्राफी प्रतियोगिता के टॉप थ्री पार्टिसिपेंट को क्रमशः 15,000 रुपये, 10,000 रुपये और 5,000 रुपये का कैश प्राइज दिया गया. दीपक तनेजा ने बिज़ क्विज को प्रतिभागियों के ज्ञान यात्रा का एक रोमांचक अनुभव बताया.

## कॉलेज की जीवंतता बढ़ाएं

इस अवसर पर बिहार के डेवलपमेंट कमिश्नर विवेक कुमार सिंह ने सिम्फनी 2024 के आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह आयोजन स्टूडेंट्स के मन में शिक्षा और खेल के बारे में उत्साह पैदा करने, कैंपस कल्चर को बढ़ाने और कॉलेज की जीवंतता को बढ़ाने के लिए अत्यंत आवश्यक है. इस मौके पर सीआईएमपी के निदेशक प्रोफेसर राणा सिंह ने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के महत्व पर जोर देते हुए विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी. उन्होंने कहा, इनोवेशन नेक्स्ट और ब्रांड प्रिक्स जैसे आयोजनों ने स्टूडेंट्स के बीच क्रिएटिविटी और नोवेलटी के कल्चर को बढ़ावा दिया है, जिससे छात्रों को विभिन्न चुनौतियों के लिए व्यवहारिक समाधान खोजने के लिए प्रेरणा मिली है.

# प्रबंधन उत्सव सिम्फनी में विद्यार्थी हुए सम्मानित



**पटना.** चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान (सीआइएमपी) की ओर से आयोजित प्रबंधन उत्सव सिम्फनी 2024 का सफलतापूर्वक समापन रविवार को किया गया. दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रबंधन संस्थानों, सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों और प्रसिद्ध संस्थानों के प्रतिभागियों ने भाग लिया. अंतिम दिन पाटलिपुत्र फाइनेंस बुलेवार्ड, बिज क्विज और इनोवेशन नेक्स्ट जैसे प्रबंधन कार्यक्रमों में कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई. विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह ने कहा कि सिम्फनी 2024 जैसा आयोजन युवाओं के मन में शिक्षा और खेल के बारे में उत्साह पैदा करता है. सीआइएमपी के निदेशक प्रोफेसर (डॉ) राणा सिंह ने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के महत्व पर जोर देते हुए विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि इनोवेशन नेक्स्ट और ब्रांड प्रिक्स जैसे आयोजनों ने युवाओं में रचनात्मकता और नवीनता की संस्कृति को बढ़ावा दिया है. समापन सत्र के दौरान प्रत्येक प्रबंधन कार्यक्रम के शीर्ष तीन प्रतिभागियों और टीमों को 50,000 रुपये, 30,000 रुपये और 20,000 रुपये के नकंद पुरस्कार दिया गया. मौके पर नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग और कैंपस फोटोग्राफी प्रतियोगिता के शीर्ष तीन प्रतिभागियों को 15,000 रुपये, 10,000 रुपये और 5,000 रुपये दिये गये.

Prabhat Khabar ! Page No - 05 ! Date - 29-01-2024 !

# सीआइएमपी का उत्सव सिम्फनी 2024 संपन्न

जागरण संवाददाता, पटना : युवाओं के मन में शिक्षा और खेल के बारे में उत्साह पैदा करने, कैंपस संस्कृति को बढ़ाने और कालेज की जीवंतता को बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आवश्यक हैं। ये बातें विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह ने कहीं। उन्होंने ये बातें चंद्रगुप्त प्रबंध संस्थान (सीआइएमपी) के प्रबंधन उत्सव सिम्फनी 2024 के समापन समारोह में कहीं। प्रत्येक प्रबंधन कार्यक्रम के शीर्ष तीन प्रतिभागियों-टीमों को 50,000 रुपये, 30,000 रुपये और 20,000 रुपये के नकद पुरस्कार दिए गए। नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग और कैंपस फोटोग्राफी प्रतियोगिता के शीर्ष तीन प्रतिभागियों को भी नकद पुरस्कार दिया गया।

Dainik Jagran !
Page No - 08 !
Date - 29-01-2023 !